दिनांक 11.11.2026
प्रेस विज्ञप्ति

कार्यालय अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन , आगरा।

- **जनपद फिरोजाबाद /थाना अरांव**

- **पुलिस कार्यवाही में हत्या कारित करने से संबंधित अभियुक्त राजीव पुत्र ब्रजराज को पुलिस मुठभेड़ के दौरान किया गया गिरफ्तार**

थाना अरांव पुलिस टीम द्वारा दिनांक 11.11.2026 को थाना अराँव पर पंजीकृत मु0अ0सं0 184/2026 धारा 191(2)/191(3)/190/109(1)/ बीएनएस मुकदमे में वांछित अभियुक्त राजीव पुत्र ब्रजराज सिंह निवासी ग्राम चन्द्रपुरा, थाना अराँव, जनपद को पुलिस मुठभेड के दौरान गिरफ्तार किया गया । घायल अभियुक्त को तत्काल उपचार हेतु पुलिस अभिरक्षा में सरकारी अस्पताल भिजवाया गया। अभियुक्त के उसके कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 01 खोखा कारतूस 315 बोर एवं 02 जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद किए गए।

गिरफ्तार अभियुक्त

1. राजीव पुत्र ब्रजराज सिंह निवासी ग्राम चन्द्रपुरा, थाना अराँव, जनपद फिरोजाबाद

अभियुक्त से बरामदगी का विवरण-

1. 01 अवैध तमंचा 315 बोर।
2. 01 खोखा कारतूस 315 बोर।
3. 02 जिंदा कारतूस 315 बोर।

गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास

01-मु0अ0सं0 51/15 धारा 392.411 भादवि थाना घिरोर जनपद मैनपुरी।

02-मु0अ0सं0 53/15 धारा 3/25ए आर्म्स एक्ट थाना घिरोर जनपद मैनपुरी।

03-मु0अ0सं0 184/26 धारा 91(2)/191(3)/190/109(1)/103 बीएनएस थाना अरांव जनपद फिरोजाबाद।

04-मु0अ0सं0 187/26 धारा 109(1) बीएनएस 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना अरांव जनपद फिरोजाबाद।

जनपद एटा / थाना पिलुआ

- **पुलिस टीम द्वारा प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या करने की आरोपित पत्नी को किया गया गिरफ्तार**

थाना पिलुआ पुलिस टीम द्वारा दिनांक 11.11.2026 को मु0अ0सं0 - 157/26 धारा 103(1), 61(2) बीएनएस में व्यक्ति की हत्या की घटना में फरार चल रही आरोपी पत्नी सीमा पत्नी रामसेवक नि0 निवासी भदवास थाना पिलुआ को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्ता के विरुद्ध थानास्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की गयी।

गिरफ्तार अभियुक्ता

- सीमा पत्नी रामसेवक नि0 निवासी भदवास थाना पिलुआ